# माह फरवरी, 2017 की प्रगति आख्या

**(दिनांक 01 फरवरी से 28 फरवरी 2017 तक)**

- दिनांक 08-09 फरवरी 2017 को समाज विज्ञान विद्याशाखा एवं कम्युनिटी रेडियो प्रोडेक्शन विभाग द्वारा एक द्वि-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञों के रूप में टेलीविजन एंकर श्री इरफान –सीनियर एंकर/राज्य सभा, प्रो0 आनन्द प्रधान-आई0आई0एम0सी0, दिल्ली, श्री मोहन कार्की- स्टेशन मैनेजर/मुक्तेश्वर, श्री शरबत उस्मानी-निदेशक/एयर अल्मोड़ा/रामपुर, श्री रजा हैदर- कम्युनिटी रेडियो राणनीतिज्ञ/ दिल्ली, श्री विधांशु कुमार-एमीटि रेडियो, श्री उमेश तिवारी- सीनियर जर्नलिस्ट/ उत्तराखण्ड, श्री प्रमोद माथुर सीनियर जर्नलिस्ट टेलीविजन एण्ड फिल्मस्, श्री विपिन शर्मा-मीडिया एण्ड कम्युनिटी रेडियो एक्सपर्ट/ इलाहाबाद आदि ने प्रतिभागियों को विषय से सम्बन्धित जानकारी दी।
- दिनांक 20 फरवरी 2017 को विश्वविद्यालय योजना बोर्ड की 4वीं बैठक मा0 कुलपति जी अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन प्रोफेसर आर0 सी0 मिश्र, कुलसचिव द्वारा किया गया तथा बैठक में समस्त विद्याशाखाओं के निदेशक, श्रीमती आभाग गर्खाल, वित्त नियंत्रक, डॉ0 वेणुगोपाल रेड्डी, निदेशक श्रेत्रीय सेवाएं, इग्नू, प्रोफेसर ओम0जी0 गुप्ता, निदेशक, प्रबन्ध अध्ययन, डॉ0 एम0एन0 सिंह,समाज कार्य विभाग,इलाबाद राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश एवं सी0ए0 गौतम कथूरिया, रूद्रपुर ने प्रतिभाग किया। बैठक में विश्वविद्यालय की आगामी योजनाओं के सम्बन्ध विचार विमर्श भी किया गया। योजना बोर्ड के सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि जो भी पाठ्यक्रम शुरू हों, उन्हें यूजीसी के मानकों के अनुरूप तैयार किया जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में इस प्रस्ताव पर भी मंथन किया गया कि सत्र 2017-18 से प्राईवेट परीक्षाओं को किस प्रकार सुचारू ढंग से संचालित किया जायेगा। कुलपति जी द्वारा बैठक के समस्त सदस्यों को अवगत कराया गया कि सत्र 2017-18 से स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं के प्रथम वर्ष की प्राईवेट परीक्षाए मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा करायी जायेंगी। बड़ी संख्या में प्राईवेट विद्यार्थियों के आने पर क्या-क्या संसाधनों की जरूरत होगी तथा व्यवस्थाओं को कैसे दुरूस्त किया जाए, इस पर भी विचार किया गया।
- दिनांक 28 फरवरी 2017 को मा0 कुलपति जी द्वारा विज्ञान दिवस के अवसर पर राजभवन, देहरादून द्वारा आयोजित व्याख्यान '*Renventing India as Innovation Nation*' में प्रतिभाग किया गया। उक्त व्याख्यान में कुलपति जी द्वारा नामित विश्वविद्यालय से प्रोफेसर पी0डी0 पंत, निदेशक, विज्ञान विद्याशाखा तथा डॉ0 जितेन्द्र पाण्डे, सहायक प्रध्यापक, कम्प्यूटर साइंस द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

## विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गॉव

- दिनांक 07 फरवरी, 2017 को उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा देहरादून क्षेत्र में गोद लिये गॉव मोथरावाला में श्रीगुरू राम राज इण्टर कालेज में एक कार्यक्रम का आयोजन उत्तराखण्ड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र (यूसर्क) के साथ मिलकर सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगीत के पश्चात् एक योग शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 200 छात्र एवं 40 ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय से योग शिविर की रूपरेखा पंजीकृत योग छात्रों एवं योग शिक्षक श्री अनिल थपलियाल द्वारा की गयी जिसमें 12 आसनों एवं नित्य किए जाने वाले योग के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। योग के पश्चात् श्री नरेन्द्र जगूड़ी, समन्वयक,मॉडल अध्ययन केन्द्र, परिसर देहरादून द्वारा दूरस्थ शिक्षा के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों, शुल्क एवं दूरस्थ प्रक्रिया के समबन्ध में भी छात्रों एवं ग्रमीणों को जानकारी दी गई। कम्प्यूटर विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा के सम्बन्ध में डा0 राजेन्द्र राणा द्वारा जानकारी दी गयी जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के बारे में बताया गया एवं कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा के भविष्य में होने वाले लाभों के सम्बन्ध में बताया। विश्वविद्यालय द्वारा किए गये कार्यक्रम की छात्रों, ग्रामीणों एवं शिक्षकों द्वारा प्रशंसा की गयी और भविष्य में इस प्रकार के अन्य कार्यक्रम करने हेतु आग्रह किया गया। छात्रों एवं ग्रामीणों को विश्वविद्यालय के प्रचार-प्रसार हेतु पम्पलेट भी वितरित किए गये।





**<u>गॉव समाल्टा में आयोजित कार्यक्रम</u>**

इसके अतिरिक्त दिनांक 06 मार्च,2017 को देहरादून स्थित दूसरे गॉव समाल्टा में कार्यक्रम किया जाना प्रस्तावित है।

- दिनांक 26 फरवरी, 2017 को विश्वविद्यालय द्वारा हल्द्वानी श्रेत्र में गोद लिये हुए गॉव तल्ली हल्द्वानी में स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न रोगों से ग्रसित 80 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाएं वितरित की गई। कुलपति जी के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए तल्ली हल्द्वानी गाँव में डॉ हेमन्त काण्डपाल, सहायक प्रध्यापक,आयुर्वेद के नेतृत्व में शिविर लगाया गया। इसमें दमा, साइटिका, साइनोसाइटिस, कब्ज और अविसार रोगों से पीडि़त 80 से अधिक लोगों की जांच की गई। शिविर में डॉ प्रीति बोरा द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया तथा डॉ वीरेंद्र कुमार, सहायक प्रध्यापक, कृषि द्वारा काश्तकारों को सब्जियों की पैदावार बढ़ाने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।






**गॉव तल्ली हल्द्वानी में आयोजित स्वास्थ शिविर**

## परीक्षा

- माह जनवरी 2017 में सम्पन्न विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा से संबंधित उत्तरपुस्तिकाएं विश्वविद्यालय को प्राप्त हुई, प्राप्त उत्तर पुस्तिकाओं को छठनी कर मूल्यांकन हेतु प्रेषित की गई।
- फरवरी माह में 110 मूल उपाधियॉ, 51 अन्तरिम उपाधि को वाहक/डाक से प्रेषित किया गया।
- माह जनवरी 2017 में सम्पन्न परीक्षा से संबंधित कम्प्यूटर सांइस एवं कृषि पाठ्यक्रमों की मौखिक/प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराई गई।
- आगामी वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा जून-2017 हेतु परीक्षा आवेदन भरने की तिथि व परीक्षा केन्द्र शहरों की सूची घोषित की गई।
- वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा 2016 से संबंधित पुर्नमूल्यांकन परीक्षाफल घोषित किया गया, शेष परीक्षाफल पर कार्यवाही गतिमान है।
- फरवरी माह में योगा पाठ्यक्रम (BYN 1st year/DYN, MAY-1st year, MAY-2nd year) की प्रयोगात्मक परीक्षाऐं हरिद्वार केन्द्र के निम्न स्थानों में सम्पन्न कराई गई।

1. दिनांक 10 फरवरी 2017 को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में डिप्लोमा / स्नातक प्रथम वर्ष (DYN/ BYN 1st year) विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 238 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।
2. दिनांक 10 फरवरी 2017 को एम ० ए ० द्वितीय वर्ष (MAY 2nd year) विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 149 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

3. दिनांक 26  फरवरी 2017 को एम0 ए0 योग प्रथम वर्ष (MAY1st year) विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा हुई जिसमें 290 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।
4. दिनांक 26  फरवरी 2017 को एम ० ए ० द्वितीय  वर्ष (MAY 2nd year) योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में डिप्लोमा / स्नातक प्रथम वर्ष (DYN/ BYN 1st year)  विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 142 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

**अन्य गतिविधियॉ**

- शीतकालीन सत्र में प्रवेश की अंतिम तिथि दिनांक 31 मार्च, 2017 तक विलम्ब शुल्क के विस्तारित की गई है। अद्यतन शीतकालीन सत्र 2016-17 में कुल 5,872 छात्र प्रवेश ले चुके है।
- दिनांक 4-5 फरवरी को श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय, तिरूपति द्वारा भारतीय विश्वविद्यालय संघ की 91वें वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी “Celeberating Higher Education: Accomplishment and Achievements of Higher Education in post-Independence Era”  में मा0 कुलपति जी द्वारा प्रतिभाग  किया गया। वार्षिक बैठक में उच्च शिक्षा से सम्बन्धित  विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया-गया।
- भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा प्रकाशित साप्ताहिक पत्रिका के विशेषांक Vol 55 No.05 ISSN-0566-2257, January 30 –February 05 2017 में मा0 कुलपति जी का “Open Educational Resources in India: A Loudable Initiative” शीर्षक से लेख प्रकाशित हुआ है।
- दिनांक 07 फरवरी 2017 मा0 कुलपति जी ने AICTE द्वारा आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया जिसमें भारत के समस्त मुक्त विश्वविद्यालयों के कुलपतियों तथा मुक्त विश्वविद्यालय (यूनाईटेड किंगडम) द्वारा दूरस्थ शिक्षा से सम्बन्धित मजबूत नियामक ढाँचे के विकास को सक्षम किए जाने पर चर्चा की गई। उक्त बैठक में AICTE के अध्यक्ष भी उपस्थित थे।
- दिनांक 08 फरवरी 2017 को प्रोफेसर रमेश चन्द्रा, पूर्व कुलपति, बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा विश्वविद्यालय के विज्ञान विषय के शिक्षकों एवं परामर्शदाताओं को पाठ्य सामग्री लेखन तथा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा में शोध की संभावनाओं पर चर्चा की गई।
- दिनांक 21 फरवरी 2017 को मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मातृभाषा की महत्ता कम होने पर चिंता व्यक्त की गई साथ ही इसके संरक्षण पर जोर दिया गया।
- दिनांक 23-25 फरवरी 2017 को मा0 कुलपति जी द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में ‘भारत बोध’ अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ श्री प्रणब मुखर्जी, भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा किया गया। उक्त संगोष्ठी में समस्त विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को आमंत्रित किया गया था।
- दिनांक-  10 फरवरी 2017 को डॉ दीपक पॉलीवाल, सहायक प्रध्यापक, समाज शास्त्र को भारतीय समाज विज्ञान संस्था द्वारा ‘मानद फैलोशिप’ प्रदान की गई।

- श्री भुपेन सिंह, सहायक प्राध्यापक, पत्रकारिता एवं जनसंचार द्वारा UGC HRDC- कुमांऊ विश्वविद्यालय, नैनीताल में दिनांक 20/02/2017 से दिनांक 21/03/2017 तक आयोजित 'ओरिएंटेशन कार्यक्रम-34' में प्रतिभाग किया जा रहा है।
- डॉ0 कमल देवलाल, सहायक प्रध्यापक, भौतिकी द्वारा UGC HRDC- कुमांऊ विश्वविद्यालय, नैनीताल में दिनांक 20/02/2017 से दिनांक 21/03/2017 तक आयोजित 'ओरिएंटेशन कार्यक्रम-35' में प्रतिभाग किया जा रहा है।
- डॉ भावना पलड़िया, सहायक प्रध्यापक, शिक्षाशास्त्र द्वारा UGC HRDC- कुमांऊ विश्वविद्यालय, नैनीताल में दिनांक 20/02/2017 से दिनांक 21/03/2017 तक आयोजित 'ओरिएंटेशन कार्यक्रम-34' में प्रतिभाग किया जा रहा है।
- विश्वविद्यालय में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया के संचालन हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन Uttarakhand Forest Training Institute (UFTA) द्वारा किया गया जिसमें विश्वविद्यालय से 09 कार्मिकों/अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विश्वविद्यालय में ई-टेन्डरिंग हेतु लागिन आई डी बनाने हेतु प्रक्रिया गतिमान है, जिसके लिए NIC द्वारा दिशा निर्देश प्राप्त किए जा रहे है।
- माह फरवरी में उपरोक्त प्रमुख कार्यकलापों के अतिरिक्त, शिक्षकों द्वारा ईकाई लेखन, पाठ्यक्रमों में सुधार/ संशोधन, अध्ययन सामग्री/ पुस्तकों की संचरना/ प्रकाशन आदि कार्य किए जा रहे है। विद्याशाखाओं के शिक्षकों के व्याख्यानों की वीडियो रिकार्डिंग, वर्ष 2016-17 (शीतकालीन सत्र) में प्रवेश प्रक्रिया, विद्यार्थियों तक पुस्तकों एवं पाठ्य सामग्री की आपूर्ति, सूचना अधिकार कानून के अन्तर्गत सूचनाओं की आपूर्ति, विद्यार्थियों को वांछित प्रमाणपत्रों का अविलम्ब निर्गमन आदि कार्य संपन्न किए गये।

................................